


# my GOV मेरी सरकार India Fortnightly Newsletter


**WHAT'S INSIDE**


- Strong economic measures reaffirms India's GDP growth pathway
- Indian Post Payment Bank- Bridging the last mile gap
- First beneficiary of Ayushman Bharat- PM Jan Arogya Abhiyaan


**#NewIndia**

# Strong Economic Measures Reaffirms India's GDP Growth Pathway

The government led by PM Modi has taken strong and astute measures which has ushered in a new economic momentum where presently the GDP growth stands at 8.2%. According to statistics from Central Statistical Organisation, private final consumption expenditure, capital formation and industrial growth has accelerated significantly in the Q1 (2017-18).






**Some of the major tangibles associated with the growth**

## 1 Expansion of Economic Activity Spurring Growth

The high GDP growth which cemented India's position as the fastest growing economy could be attributed to remarkable performance in sectors like manufacturing, agriculture among others. The recovery in the sectors which signal a strong revival of domestic demand is due to reforms including GST, labour, agriculture which have resulted in improving the overall investment climate and enhanced productivity.



# एक्सक्लूसिव फोकस

## मजबूत आर्थिक सुधारों से सुनिश्चित हुआ देश का जीडीपी विकास

प्रधानमंत्री मोदी की अगुआई वाली सरकार के मजबूत और साहसिक पहलों ने आर्थिक विकास में अभूतपूर्व तेजी लाई है। सीएसओ के आंकड़ों के मुताबिक 2017–18 की पहली तिमाही में निजी अंतिम खपत व्यय, पूंजी निर्माण और औद्योगिक विकास काफी तेजी से बढ़ा है। 2018–19 की पहली तिमाही में रिकॉर्ड 8.2% की जीडीपी दर देश के सतत और तेज विकास का प्रमुख उदाहरण है।




**विकास से जुड़े कुछ प्रमुख पहलू इस प्रकार हैं: –**

## 1 आर्थिक गतिविधियां बढ़ने से विकास दर में आई तेजी

जीडीपी में तेज वृद्धि ने भारत को सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था बना दिया है। विनिर्माण व कृषि जैसे क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन ने देश में तेज विकास को बढ़ावा दिया है। श्रम व कृषि जैसे कई क्षेत्रों में बदलाव तथा जीएसटी जैसे ऐतिहासिक सुधार के कारण घरेलू मांगों में मजबूती आई जिसके परिणामस्वरूप समग्र निवेश का वातावरण तैयार हुआ और उत्पादकता में सुधार हुआ है।










## 2 Increase in Money Circulation in the System


The RBI report recently released states that the estimated value of Specified Bank Notes (SBNs) returned Rs 15.31 lakh crore in the formal banking system which has enabled identification of cash holdings by the government.

## 3 Widening of Tax Bracket and Increase in Tax Compliance

**Number of income tax returns filed**




**Number of e-returns filed by salaried individuals**




**Post Demonitisation**



Special Investigation team have identified **1.8 Million Depositors** for enquiry



Advance tax in Q1 (2018-19) increased for **Personal Income Tax Assessees by 44.1%** and in **Corporate Tax Category by 17.4%**

GST

With implementation of GST, **The Number of Registered Asesees Increased from 66.17 Lakh to 114.17 Lakh,** showing a growth of 72.5%




**Growth in Income tax Collection Increased to 15% and 18%** with similar trend continuing in current fiscal year

## 2 नकदी परिचालन और प्रवाह में वृद्धि


हाल ही में जारी आरबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में लौटे निर्दिष्ट बैंक नोट्स (एसबीएन) का अनुमानित मूल्य 15.31 लाख करोड़ रुपये है, इससे सरकार को मौजूदा नकदी की जानकारी हासिल करने में मदद मिली।

## 3 कर का दायरा बढ़ा और कर अनुपालन में वृद्धि

**दायर आयकर रिटर्न की संख्या**




**वेतनभोगी व्यक्तियों द्वारा दायर ई–रिटर्न की संख्या**




**विमुद्रीकरण के बाद**



स्पेशल इन्वेस्टीगेशन टीम ने पूछताछ के लिए **18 लाख जमाकर्ताओं** की पहचान की है।



2018–19 की पहली तिमाही में अग्रिम कर **व्यक्तिगत आयकर निर्धारिती श्रेणी में 44.1%** और **कॉरपोरेट कर श्रेणी में 17.4%** की वृद्धि हुई

GST

जीएसटी के कार्यान्वयन के साथ पंजीकृत निर्धारिती (एसेसियों) की संख्या **66.17 लाख से बढ़कर 114.17 लाख** हो गई, जो 72.5% की वृद्धि है



**आयकर संग्रह में 15%** की वृद्धि हुई और समान प्रवृत्ति से **चालू वित्त वर्ष में 18%** की दर से बढ़ रही है

# 4 Revolution in Digital Transaction

**Accelerating growth in Digital Payments**


UPI
UNIFIED PAYMENTS INTERFACE

Total number of UPI transactions increased to
**31.2 crore**
in August 2018


BHIM
BHARAT INTERFACE FOR MONEY

Total number of BHIM transactions increased to
**1.65 crore**
in August 2018

**Number of e-payment transactions made registered an eight-fold jump**




**Total number of current and savings accounts in banks increased owing to usage of digital payments**




# 5 Greater formalisation of the economy

**Total number of Jan Dhan accounts opened are 32.41 crore as of August 2018**

**Under PM Jan Dhan Yojana , an amount of Rs 81,523.12 cr have been deposited which enhanced financialisation of savings**

Pradhan Mantri mudra Yojna

**Small and medium sized enterprise lending reached an all time high where total number of loans sanctioned is around Rs 13.68 crore**

# 4 डिजिटल लेन–देन में आई क्रांति

### डिजिटल भुगतान को तेजी से बढ़ाने के प्रयास


UPI
UNIFIED PAYMENTS INTERFACE

अगस्त 2018 में यूपीआई
लेन–देन की कुल संख्या
**31.2 करोड** हो गई है


BHIM
BHARAT INTERFACE FOR MONEY

अगस्त 2018 में भीम (BHIM) के जरिए
लेन–देन की कुल संख्या
**1.65 करोड** हो गई है

**ई–भुगतान लेन–देन की संख्या में आठ गुना की वृद्धि दर्ज**





**डिजिटल भुगतान के कारण बैंकों में चालू और बचत खातों की कुल संख्या में वृद्धि हुई**




# 5 अर्थव्यवस्था का औपचारिकरण

**अगस्त 2018 तक खोले गए जन धन खातों की कुल संख्या 32.48 करोड़ है**



**प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत खोले गए खातों में लाभार्थियों द्वारा 81,523.12 करोड़ रुपये की राशि जमा की गई है। इससे बचत में वृद्धि हुई**

Pradhan Mantri mudra Yojna

**छोटे और मध्यम आकार के उद्यम को अब तक सबसे ज्यादा ऋण दिए गए हैं, मुद्रा योजना के तहत स्वीकृत ऋण की कुल संख्या 13.68 करोड़ रुपये है**

# TOP STORIES

## India Post Payments Bank: Bridging the Last Mile Gap

The India Post Payments Bank will leverage the wide network of department of posts, and the trusted Postman will now become a banker to unbanked and underbanked Indians. With the vision to build the most affordable, accessible and trusted bank for the common man, PM Narendra Modi on September 1, 2018 launched the India Post Payments Bank.




Through the use of biometric credentials for transactions, IPPB will help all sections of the population – including senior citizens, small traders and migrant population in particular. It will enable money transfer, transfer of government benefits, bill payments and other services such as investment and insurance. Facilitating digital transactions, IPPB will deliver benefits of schemes such as Fasal Bima Yojana, which provide  assistance to farmers. It is a significant milestone laid on the journey towards realizing every Indian`s dream of financial inclusion.

- Network of **300,000+** Postmen and Gramin Dak Sevaks
- **650 branches & 3,250 access points** made operational
- **1.55 lakh post offices** to be linked to IPPB by Dec '18
- Banking touchpoints to increase from **1.40 lakh to 2.90+ lakh**

## Service Channels




- Counter Service
- Micro ATMs
- Messages
- Interactive Voice Response
- Mobile Banking App

# प्रमुख समाचार

## इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक: देश के अंतिम व्यक्ति तक बैंकिंग सेवा की पहुंच

डाक विभाग के विशाल नेटवर्क की मदद से इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक देश में बैंकिंग सेवा से वंचितों तथा कम बैंकिंग सुविधा वाले क्षेत्रों में बैंकिंग सेवा प्रदान करेगा और अब हमारा भरोसेमंद डाकिया बैंकर बन जाएगा। जनसामान्य के लिए सबसे किफ़ायती, सुलभ और भरोसेमंद बैंक बनाने के दृष्टिकोण के साथ 1 सितंबर, 2018 को प्रधानमंत्री मोदी ने इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक का शुभारंभ किया।




लेन–देन के लिए बॉयोमीट्रिक प्रमाणीकरण के इस्तेमाल से आईपीपीबी – वरिष्ठ नागरिकों, छोटे व्यापारियों और विशेष रूप से प्रवासी आबादी समेत सभी वर्गों की मदद करेगा। यह धन हस्तांतरण, सरकारी लाभों का हस्तांतरण, बिल भुगतान व निवेश और बीमा जैसी अन्य सेवाओं के लिए खाताधारक को सक्षम बनाएगा। आईपीपीबी डिजिटल लेन–देन सुविधा, फसल बीमा योजना जैसी योजनाओं के लाभ प्रदान करेगी, जो किसानों को सहायता प्रदान करती है। हर भारतीय के वित्तीय समावेशन के सपने को साकार करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।



**300,000+** डाकिया और ग्रामीण डाक सेवकों का नेटवर्क



**650 शाखाएं** और **3,250 एक्सेस प्वाइंट** परिचालित किए गए



**1.55 लाख डाकघरों** को दिसंबर 18 तक आईपीपीबी से जोड़ा जाएगा




बैंकिंग टचपॉइंट्स की संख्या **1.40 लाख से बढ़ कर 2.90 लाख** से अधिक हो जाएगी

### इन चैनलों से मिलेगी बैंकिंग सेवा






काउंटर सेवा




माइक्रो एटीएम



मैसेज




इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस



मोबाइल बैंकिंग ऐप

# India's First Ayushman Bharat Baby Girl



The Pradhan Mantri Jan Arogya Yojna or Ayushman Bharat was announced by the Prime Minister Modi on 15 August, 2018 on pilot basis. Haryana has been the first state across the country to launch the scheme in 26 district government hospitals along with Employees` State Insurance and Medical College Hospitals across the state. Payment was released for the first claim under Ayushman Bharat of Rs. 9,000 on 17th August for a cesarean delivery in Karnal district of Haryana. The state became the first in the country to settle a claim under the scheme and the newborn baby girl named Karishma, who became the first beneficiary of Ayushman Bharat

# "A Teacher Remains a Teacher Throughout Life" -PM Narendra Modi



PM Narendra Modi interacted with the recipients of National Teachers' Awards on the eve of Teacher's day where he harped on the significance of a teacher's role in the lives of students. The PM stated that teachers transform the lives of students through manifold ways by inspiring, informing, educating and enlightening them. While commending the dedication of teachers towards education which has become their 'life mantra', PM Modi urged the awardees to mobilise their community and make education a mass movement.

# एक बेटी बनी "आयुष्मान भारत" की पहली लाभार्थी



15 अगस्त, 2018 को प्रधानमंत्री मोदी ने पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना या आयुष्मान भारत की घोषणा की थी। हरियाणा इस योजना को लॉन्च करने वाला देश का पहला राज्य है, जिसने राज्य भर के जिला सरकारी अस्पतालों के साथ–साथ ईएसआई और मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में इस योजना की शुरुआत की। हरियाणा के करनाल जिले में 17 अगस्त को एक सीजेरियन डिलीवरी के लिए आयुष्मान भारत के तहत पहले दावे के लिए 9,000 रुपये का भुगतान किया गया। इस तरह हरियाणा इस योजना के तहत दावे का भुगतान करने वाला देश में पहला राज्य बन गया और करिश्मा नाम की नवजात बच्ची आयुष्मान भारत की पहली लाभार्थी बन गई है।

## "एक शिक्षक पूरा जीवन शिक्षक ही रहता है"
## -प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कारों के विजेताओं के साथ बातचीत की और उन्होंने छात्रों के जीवन में एक शिक्षक की भूमिका के महत्व पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षक छात्रों को प्रेरित करने के साथ–साथ सूचित एवं शिक्षित करते हैं और उन्हें प्रबुद्ध बनाते हैं। शिक्षा के प्रति शिक्षकों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा ही उनके 'जीवन मंत्र' बन गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शिक्षकों से अपने स्थानीय समुदाय को संगठित कर शिक्षा को जन आंदोलन बनाने का आग्रह किया।

# A New Chapter in Gujarat's Development Story



Prime Minister Modi's recent visit to Gujarat created an atmosphere of happiness across districts. During the course of his one-day visit on August 23, he participated in various meetings and launched significant development projects. Addressing a public meeting in Junagadh district, he proposed nine initiatives worth over Rs. 500 crore. At the same meeting, he inaugurated projects including a milkprocessing plant, buildings of the Junagadh Agriculture University and the Government Civil Hospital.




Prime Minister Modi also joined thousands of people witnessing the collective e-Gruhpravesh of beneficiaries of the Pradhan Mantri Awas Yojana (Gramin) at a large public meeting in Jujwa village of Valsad district. More than 1 lakh houses were handed over across 26 districts of the State.







Certificates and employment letters were distributed to select beneficiaries under various development schemes. Appointment letters and mini-ATMs were also given out to women bank correspondents

# गुजरात के विकास में एक नए अध्याय की शुरुआत



प्रधानमंत्री मोदी की गुजरात की हालिया यात्रा ने राज्य भर के जिलों के लिए खुशियों की सौगात लेकर आया। 23 अगस्त को अपनी एक दिवसीय यात्रा के दौरान उन्होंने विभिन्न बैठकों में भाग लिया और महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की शुरुआत की। जूनागढ़ जिले में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने 500 करोड़ रुपये से अधिक की 9 उपक्रमों को शुरु किए जाने का प्रस्ताव व आधारशिला रखी। उसी बैठक में उन्होंने सरकारी सिविल अस्पताल, एक दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र और जूनागढ़ कृषि विश्वविद्यालय की कुछ इमारतों का भी उद्घाटन किया।




**वलसाड जिले के जुजवा गांव में एक विशाल जनसभा में पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभान्वितों का सामूहिक गृह प्रवेश देखा। राज्य के 26 जिलों में लाभान्वितों को एक लाख से अधिक घर सौंपे गए**







विभिन्न विकास योजनाओं के अंतर्गत कुछ चुने हुए लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और रोजगार संबंधी पत्र वितरित किए। उन्होंने महिला बैंक अभिकर्ताओं को नियुक्ति पत्र और मिनी एटीएम भी दिए।

# India in Nepal and BIMSTEC Summit

## Fostering Greater Connectivity Amongst Regional Partners

### Towards Boosting Regional Connectivity at BIMSTEC Summit



The BIMSTEC envisages Bay of Bengal Initiative for Multi-Sectoral Technical and Economical Cooperation, has become a focal point for both India's Neighbourhood First and Act East Policy. Underlining India's commitment to the grouping, PM Modi emphasised that the summit with an aim towards building a Peaceful, Prosperous and Sustainable Bay of Bengal region holds special significance for regional development, security and progress.



### Dharamshala Inaugurated: Taking India-Nepal Ties Forward

The spiritual ties between India and Nepal have transcended beyond time and space, at the same time there exist strong cultural and civilizational ties between the two countries. As an expression of his love and affection for the people of Nepal, Prime Minister Modi jointly inaugurated the Nepal-Bharat Maitri Pashupatinath Dharamshala in Kathmandu with the Prime Minister of Nepal, Shri K.P. Oli on August 31, 2018. The 400-bed rest house built with Indian assistance will serve the pilgrims of Nepal.

# नेपाल और बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भारत

## क्षेत्रीय साझीदारों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने पर जोर

### बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बढ़ाने की दिशा में पहल



बिम्सटेक ने बहु–क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी क्षेत्र की पहल पर विचार किया है, जो भारत के नेबरहुड फर्स्ट और एक्ट ईस्ट दोनों नीतियों का संगम है। इस समूह के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 'शांतिपूर्ण, समृद्ध और बंगाल की खाड़ी क्षेत्र के स्थायी विकास' के लिए बिम्सटेक शिखर सम्मेलन क्षेत्रीय विकास, सुरक्षा और प्रगति के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण है।



### धर्मशाला का उद्‌घाटनः प्रगाढ़ हुआ भारत–नेपाल संबंध

''सबका साथ, सबका विकास'' का विजन प्रधानमंत्री मोदी के दिल के बेहद करीब है, और उनके इस के विजन में नेपाल के लोग भी शामिल हैं। भारत और नेपाल के बीच आध्यात्मिक संबंध समय और काल से परे है, साथ ही दोनों देशों के बीच मजबूत सांस्कृतिक संबंध भी हैं। नेपाल के लोगों प्रति प्यार और स्नेह की अभिव्यक्ति के तौर पर प्रधानमंत्री मोदी ने 31 अगस्त, 2018 को काठमांडू में नेपाल के प्रधानमंत्री श्री के. पी. ओली के साथ नेपाल–भारत मैत्री पशुपतिनाथ धर्मशाला का संयुक्त रूप से उद्‌घाटन किया। भारत की सहायता से बने 400 बिस्तर वाले इस धर्मशाला से नेपाल के तीर्थयात्रियों को फायदा होगा।

# PM's Interaction with the Medal Winners of the 18th Asian Games



The medal winners of the recently concluded Asian Games were hosted by Prime Minister Modi at his residence on September 5, 2018. He congratulated the medal winners and complimented them for their exemplary performance in the best ever medal tally for India in Asian Games. He told the medal winners that their sporting feats have raised India's stature and pride.

Prime Minister urged the sports persons to use technology as an aid to improve their performance. Commenting on the real potential in the rural areas of the country, he expressed happiness in seeing young talents rise from the small towns, rural areas and from poor background and win medals for the nation. The biggest challenge for the medal winners will start now and they should never lose their goal of being in the Olympic Games podium.

18th ASIAN GAMES
Jakarta
Palembang
2018

**PM Modi's Tweet**

As the **#AsianGames2018** come to a close, I once again congratulate the Indian contingent for their excellent performance.
The 2018 Games have been the best for India in the history of the Asian Games. Every athlete who took part in the Games is India's pride.

# India Creates history at Asian Games 2018

India's historic performance at the Asian Games 2018 held in Jakarta, Indonesia, brought home a total of 69 medals; 15 Gold, 24 Silver and 30 Bronze. India consolidated its position in both previously deemed strong and not so strong events. This is an extremely positive sign and its augurs well for Indian sports.



# 18वें एशियाई खेलों के पदक विजेताओं से मिले प्रधानमंत्री



प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 5 सितंबर, 2018 को अपने आवास पर हाल में संपन्न हुए 18वें एशियाई खेलों के पदक विजताओं के साथ मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने पदक विजेताओं को बधाई दी और एशियाई खेलों में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने पदक विजेताओं को बताया कि उनके प्रदर्शन से भारत का गौरव बढ़ा है।

मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री ने खिलाडियों से आग्रह किया कि वे अपने प्रदर्शन को सुधारने के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करें। प्रधानमंत्री ने इस बात पर खुशी जाहिर की कि छोटे शहरों, ग्रामीण इलाकों और गरीब पृष्ठभूमि वाले युवा प्रतिभाशाली आगे बढ़ रहे हैं तथा देश के लिए पदक जीत रहे हैं। उन्होंने कहा कि पदक विजताओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती अब शुरू हो रही है और उन्हें ओलम्पिक खेलों के लक्ष्य पर से नजर नहीं हटानी चाहिए।

18th ASIAN GAMES
Jakarta
Palembang
2018

**PM Modi's Tweet**

As the **#AsianGames2018** come to a close,
I once again congratulate the Indian contingent for their excellent performance.
The 2018 Games have been the best for India in the history of the Asian Games. Every athlete who took part in the Games is India's pride.

# एशियन गेम्स 2018 में भारत का ऐतिहासिक प्रदर्शन

इंडोनेशिया के जकार्ता में आयोजित एशियन गेम्स 2018 में भारत ने ऐतिहासिक प्रदर्शन कर कुल 69 पदक जीते, जिनमें 15 स्वर्ण, 24 रजत और 30 कांस्य पदक हैं। जिन खेलों में भारत परंपरागत रूप से मजबूत है, उसमें टीम ने अच्छा प्रदर्शन तो किया ही और इसके साथ ही देश के खिलाड़ियों ने ऐसे खेलों में भी शानदार प्रदर्शन किया है जिसमें पहले अच्छा नहीं किया था। यह भारतीय खेलों के लिए बेहद सकारात्मक संकेत है।




स्वर्ण रजत कांस्य